# 4 लेन सड़क पर रेत गिराने पर 2 हजार 500 का जुर्माना

17-1-22

रतलाम। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने व मलबा डालकर अतिक्रमणकर्ताओं पर रोक लगाने हेतु स्पॉट फाईन की कार्यवाही जारी हैं।

शुक्रवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान रेत की ट्रेक्टर ट्रॉली द्वारा मित्र निवास व लोकेन्द्र भवन 4 लेन सड़क पर रेत गिराते हुए पाये जाने पर ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया। साथ ही संबंधित मोहम्मद पर 2 हजार 500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही शहर में गंदगी करने व सड़क पर खुले पड़े प्लाटों पर गंदगी करने वालों पर भी नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया बनाई गई स्पाट फाईन टीम द्वारा लगातार निरीक्षण करते हुए कार्रवाई कर स्पाट फाईन किया जा रहा हैं।

## बिना मास्क मिले, 20 पर जुर्माना

लगातार कोरोना के मरीजों के सामने आने के बाद भी लोग लापरवाही बरत रहे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में लोग बिना मास्क के घुम रहे हैं। ऐसे लोगों पर रोक लगाने के लिए फाईन की कार्रवाई की जा रही हैं। नगर निगम की टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 20 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

# अभियान के तहत 34 हजार मास्क वितरित



रतलाम। सनातन सोश्यल ग्रुप द्वारा मास्क लगाओ, मास्क लगवाओं अभियान के तहत दूसरे दिन करीब 16 हजार लोगों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मास्क वितरित किए गए। ग्रुप ने दो दिनों में लगभग 34 हजार से अधिक मास्क विभिन्न क्षेत्रों में वितरित किए गए। डालुमोदी बाजार, चांदनीचौक क्षेत्र में ग्रुप संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष अनिल पुरोहित, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, बजरंग पुरोहित, प्रदीप उपाध्याय, अनिल झालानी, बसंत पंड्या, प्रवीण सोनी, रेडक्रास के पूर्व चेयरमेन महेन्द्र गादिया, विद्युत कर्मचारी फेडरेशन के प्रदीप लोढ़ा, नितिन लोढ़ा, एडवोकेट विजय लोढ़ा, दिनेश राठौड़, कैलाश झालानी, सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष झमक भरगट, कैलाश भईड़ा, शैलेन्द्र शर्मा एडवोकेट, आदित्य डागा, विशाल अग्रवाल, पप्पु माहेश्वरी सहित अन्य उपस्थित थे। इसी प्रकार पटरी पार मयूर पुरोहित, भगतसिंह भदौरिया, प्रहलाद पटेल, धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, मनोज शर्मा, मनीषा शर्मा, चेतना पाटीदार, सुनीता श्रीवास्तव, भारती पाटीदार, खुशबु आरोलिया, सारिका दीक्षित, तन्मय त्रिवेदी, सुनील पाल, ईश्वर लोदवाल, धरमवीर, हरिशंकर शर्मा, संजय पाण्डे, अनिल पुरोहित, नारायण सांखला, विनोद यादव आदि उपस्थित थे। एक ओर ग्रुप में मोहनलाल धबाई, गोपाल शर्मा, भरत जैन, लक्ष्मीनारायण गेहलोत, सुनील आलोदिया व अन्य ग्रुप में नंदकिशोर पंवार, सचिन पालीवाल, सुनील रोतेला, राहुल निंदाने, सौरभ शर्मा, राकेश नागर, राजेश साल्वी, अशोक बैरागी, मुन्नालाल पाटीदार आदि ने मास्क वितरित किए।

# अनुपस्थित सफाई 2 सफाई कर्मचारी बर्खास्त

रतलाम। रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त सफाई कर्मचारियों में से ऐसे 2 सफाई जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अनुपस्थित रहने, उन्हे सेवा से बर्खास्त किया। निगम के अनुसार रामजीलाल व विजय को निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया। इसके अलावा शुक्रवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 6 का एक दिवस का वेतन काटा व नोटिस जारी किया। इनमें आनन्द, शेखर, विजय, अमन, विशाल व रवि बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।




रविवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीकाकरण के एक वर्ष पूर्ण होने पर जेपी अस्पताल में नागरिकों को संबोधित कर बधाई दी।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने वैक्सीनेशन का एक वर्ष पूर्ण होने पर कहा

# टीकाकरण के चलते ही गंभीर स्थिति में नहीं पहुंच रहे लोग

17-1-22

भोपाल, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को टीकाकरण के एक वर्ष पूरे होने पर कहा कि राज्य में अब तक लगभग 11 करोड़ वैक्सीन डोज प्रदेशवासियों को लगाए जा चुके हैं। टीकाकरण का सबसे बड़ा लाभ यह है कि लोग संक्रनित होने की स्थिति में भी गंभीर नहीं हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को टीकाकरण कार्य के एक वर्ष पूरे होने पर जयप्रकाश अस्पताल स्थित टीकाकरण केंद्र में टीकाकरण लगवाने के कार्य का जायजा लिया और टीकाकरण कराने आए फ्रंटलाइन वर्कर्स का उत्साहवर्द्धन किया। उल्लेखनीय है कि गत 16 जनवरी 2021 को भारत में वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई थी। जेपी अस्पताल के कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में ऐतिहासिक दिन है। कोरोना नियंत्रण के लिए शुरू किए गए वैक्सीनेशन को एक वर्ष हो गया है। मार्च 2020 में कोरोना ने दस्तक दी थी। इसके

## मुख्यमंत्री ने हेल्थ वर्कर्स और सभी सहयोगियों को दी बधाई

अगले माह ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन के निर्माण की पहल कर दी थी। उन्होंने अप्रैल 2020 में टास्क फोर्स का गठन किया था। स्वदेशी टीका बनने के बाद जनवरी 2021 से सभी पात्र लोगों को टीका लगना प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पहले भी महामारी आती थी। अन्य देशों में बनी वैक्सीन का ही सहारा होता था। दूसरे देशों में निर्मित वैक्सीन पर भारत को निर्भर रहना पड़ता था। बहुत कम अवधि में भारत में वैक्सीन के निर्माण और उसके उपयोग का कार्य प्रारंभ हुआ।

वैक्सीनेशन हो जाने से तीसरी लहर में नागरिकों को अधिक चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। भले ही यह संक्रमण आक्रमक नहीं लेकिन हमें पूरी सावधानियां रखना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करवाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, समस्त डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कल्याणकारी भूमिका के लिए बधाई दी।

## मध्यप्रदेश वैक्सीन लगाने में सबसे आगे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि करीब 11 करोड़ वैक्सीन डोज प्रदेशवासियों को लगाए जा चुके है। गत 15 जनवरी तक मध्यप्रदेश में 05 करोड़ 32 लाख प्रथम डोज और 05 करोड़ 8 लाख वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगाया जा चुका है। यह लक्ष्य का क्रमशः 97 और 92 प्रतिशत है। अब 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ऐसे वरिष्ठ नागरिकों जो अन्य व्याधियों से ग्रस्त है, उन्हें वैक्सीन डोज, बूस्टर डोज और प्रीकॉशन डोज का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में 40 लाख 75 हजार किशोरों को वैक्सीन और 03 लाख 70 हजार बुजुर्गों को प्रिकॉशन वैक्सीन लगाई गई है। मध्यप्रदेश में प्रत्येक श्रेणी में वैक्सीनेशन का कार्य बेहतर ढंग से हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड अनुकूल व्यवहार रखकर ही तीसरी लहर में संक्रमण से बचने का कार्य संभव है। उन्होंने नागरिकों को वैक्सीन के सुरक्षा चक्र का लाभ लेने के साथ ही सभी सावधानियों के पालन का परामर्श दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अनुरोध किया कि टीकाकरण कार्य में सभी राजनीतिक दल, धर्मगुरु, सामाजिक संस्थाएं और प्रत्येक

## तीन-चार फीसदी ही अस्पताल में भर्ती

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भगीरथ प्रयत्न कर कोरोना नियंत्रण के लिए नेतृत्व किया, वहीं हमारे हेल्थ वर्कर, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम कर खेत, खलिहान, पहाड़, नदी तालाबों को पार कर वैक्सीन लगाकर नागरिकों का जीवन बचाया है। ये सभी अभिनंदन के पात्र हैं। हमारा देश इनकी सेवाओं को भूल नहीं सकता। साथ ही क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य, धर्मगुरु, राजनैतिक दलों के सदस्य, मध्यप्रदेश में संचालित 11 महाअभियानों में जन-भागीदारी सुनिश्चित कर चुके हैं। वैक्सीनेशन से संक्रमण घातक नहीं हो पा रहा है। कुल पॉजिटिव प्रकरणों में से तीन या चार प्रतिशत व्यक्ति ही

## मुख्यमंत्री की नागरिकों से वैक्सीनेशन में सहयोग करने की अपील

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों से अपील
कि वैक्सीन से शेष रह गए लोगों को वैक्स
लगवाने में सहयोग करें। वार्ड, पंचायत स
और घर-घर पात्र लोगों को ढूंढकर वैक्स
लगवाएं। यही सुरक्षा का सशक्त माध्यम
कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाएं। तीसरी ल
में संक्रमितों की संख्या बढ़ सकती है, इसलि
फेस मॉस्क के उपयोग, भीड़-भाड़ से बच
परस्पर दूरी बनाए रखने और बार-बार ह
धोने जैसी सावधानियों को न छोड़ें। यह
नागरिक का कर्तव्य भी है। होम आयसोलेश
के लिए भी जो सावधानियां बताई गई है, उ
जरूर अपनाएं। प्रदेश में कोविड केयर सेंट
प्रारंभ हो गए है। ऑक्सीजन संयंत्र कार्यरत
इन व्यवस्थाओं के बावजूद संक्रमण से बचाव
सभी उपायों पर ध्यान देना है।

## इन्हें भेंट किए प्रमाण-पत्र और सेल्फी भी ली

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अस्पताल के टीकाक
केंद्र पर गार्ड हरिदेव यादव और वार्ड बॉय सं
यादव को प्रिकॉशन डोज लगवाई और उ
प्रमाण-पत्र भेंट किए। उन्होंने प्रिकॉशन
लेने वाली डॉ. गरिमा, आंगनबाड़ी कार्यक
श्रीमती रेखा सिंह, आशा कार्यकर्ता श्रीम
सरिता और कजलिखेड़ा के कोटवार राजेंद्र

तुलसी के आंगन में सदाबहार, हरश्रृंगार, वृज्रदंती और घृतकुमारी, आयुक्त और पर्यावरणविद् ने किया निरीक्षण

# औषधीय पौधों से हर्बल गार्डन बन गया अलकापुरी गार्डन

रतलाम(आरएनएन)। शहर के वार्ड नम्बर 7 के अलकापुरी क्षेत्र में स्थित तुलसी गार्डन अब हर्बल गार्डन के रुप में पहचाना जा रहा है। यहां औषधीय गुणों से लबरेज पौधो का रोपण होने के बाद आसपास के रहवासियों के लिए यह बागीचा महत्वपूर्ण हो रहा है। शनिवार को आयुक्त सहित पर्यावरणविद् ने गार्डन का निरीक्षण कर यहां रोपे गए औषधीय पौधों की जानकारी ली।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर अलकापुरी स्थित अस्त व्यस्त बागीचे को कुछ माह पूर्व व्यवस्थित किया गया था। इस बागीचे में तुलसी के पौधो की बहुतयात होने के कारण इसे तुलसी गार्डन नाम दिया गया।

तुलसी गार्डन को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित करने के लिए यहां विभिन्न औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण किया गया जो अब पूरी तरह से चेतन्य स्थिति में है। सभी पौधों के साथ एक नेम प्लेट लगाई गई है, जिसमें पौधों के नाम और उनके गुणों का उल्लेख किया गया है।

शनिवार को तुलसी हर्बल गार्डन का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, पूर्व पार्षद भगत भदौरिया, प्रहलाद पटेल, भाजपा नेता मयूर पुरोहित व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने करते हुए तुलसी गार्डन में औषधीय पौधों के रोपण को सरहानीय कदम बताया है। इस मौके पर उद्यान प्रभारी अनिल पारे सहित शेलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित रहे।



## इन पौधों का किया गया रोपण

राज 17-1-22

तुलसी गार्डन में सदाबहार, पत्थर चट्टा, वज्रदंती, तुलसी, घृतकुमारी,सहजन, नीम, हरश्रृंगार,मीठा नीम, जामुन,आंवला, महारुफ ( महानीम) पपीता सहित दो दर्जन औषधूय गुणों वाले पौधों का रोपण किया गया है। इन पौधों के माध्यम से पथरी, ज्वर, हृदय रोग, सर्दी खांसी, साईटिका, डायबीटिज सहित दर्जनों रोगों का उपचार हो सकता है।

## हर पार्क को बनाएं हर्बल गार्डन

शनिवार को तुलसी गार्डन के निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया सहित अन्य अतिथियों ने आयुक्त श्री झारिया के उक्त प्रयास की जमकर सराहना करते हुए आयुक्त को सुझाव प्रस्तुत किया है कि तुलसी गार्डन की तरह ही शहर में स्थित नगर निगम स्वामित्व के सभी उद्यानों को हर्बल गार्डन के रुप में विकसित किया जाए। श्री भदौरिया ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी ने मानव मात्र को पर्यावरण सुधार का सबक दिया है। आज औषधीय गुणों से युक्त पौधों की जरुरत भी हर किसी को है। ऐसे में नगर के तमाम पार्कों में औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण होना चाहिए। आयुक्त ने इस सुझाव पर विचार का आश्वासन दिया है।

# अमृत सागर से निकली जलकुंभी से बनाई जा रही जैविक खाद के कार्य का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से निकाली गई जलकुंभी से जैविक खाद बनाने के कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर कार्य में ओर अधिक तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन 22 करोड़ परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मषीन से पिछले 18 दिनों से जलकुंभी निकालने का कार्य निरंतर जारी हैं। जलकुंभी का स्थल पर ही निपटान हो इस हेतु तत्कालीन कलेक्टर द्वारा नगर निगम को गई पौने दो हेक्टर भूमि का सीमांकन कर जलकुंभी को डाला जा रहा है। जलकुंभी में पर्याप्त मात्रा में नाईट्रोजन व फास्फोरस पर्याप्त मात्रा में होने से एकत्रित की गई जलकुंभी से खाद भी बनना प्रांरभ हो चुकी है जो 45 दिनों में पुरी तरह से खाद में तब्दील हो जायेगी।

उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से जलकुंभी से खाद बनाने की डीपीआर भी तैयार की जा रही है, जिससे और अधिक तेजी से खाद बनाने का कार्य किया जाकर जलकुंभी का निपटान किया जाएगा। बनाई गई खाद किसानों व नागरिकों को विक्रय की जाएगी, जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही रतलाम शहर की प्राचीन धरोहर अमृत सागर तालाब व आसपास का क्षेत्र साफ-स्वच्छ व सुन्दर होगा।

# आनंद उत्सव: बुज़ुर्ग बने बच्चे, लिया आनंद

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

ये खेल तो हमने बचपन में बहुत खेले लेकिन अभी ये खेल कई सालों से नहीं खेले, इसलिये जैसे ही पेपर में इन खेलों का पता चला तो खुद को रोक नहीं पाए। ये उदगार उन वृद्ध लोगो के थे जो आनंद उत्सव मनाने के लिए हनुमान ताल सुबह 9 बजे ही पहुंच गए थे। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा 14 से 28 जनवरी तक आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम रतलाम द्वारा हनुमान ताल पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं व पुरुषों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सर्वप्रथम सभी ने सूर्य नमस्कार किया व हास्यासन किया। इसके पश्चात चेयर रेस का आयोजन हुआ।

कुर्सी के लिए बुजुर्ग भी बच्चों जैसे दौड़ते दिखाई दिए। महिलाओं व पुरुषों की 100 मीटर दोड़ भी आयोजित की गई। सभी बुजुर्गों में इतना जोश आ गया कि सभी ने मिलकर ट्रेन बनाकर इंजन व सिटी की आवाज निकलते हुए पूरे बगीचे में ट्रेन बनाकर दौड़े। पूर्ण अनुशासन व कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सामाजिक दूरी बनाकर सभी ने लोकगीत का भी आनंद लिया। अशोक मेहता ने माउथ ऑर्गन बजाकर सभी को आनंदित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में आनंदक राजेन्द्र चतुर्वेदी, प्रीति बाजपेई, पवन मकवाना, प्रतिभा सिन्हा, पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, कमलेश पाटीदार, धर्मा कोठारी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, विजय शर्मा, विशाल वर्मा ने सहयोग किया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजन स्थल पर पंहुच कर सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ये इसे प्रतियोगिता नही समझे बल्कि खेल का आनंद उठाएं और हमें हर चीज़ में आनंद ढूंढना चाहियेइस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह, इंजीनियर ब्रजेश कुशवाह व ज़ोन प्रभारी किरण चौहान व कई नगर निगम कर्मचारी भी उपस्थित थे। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने आनंद उत्सव के लिए नगर निगम की बेहतरीन व्यवस्था के लिए नगर निगम आयुक्त व सभी निगम कर्मचारियों का आभार माना। उन्होंने बताया कि अगले रविवार 23 जनवरी को रस्सा खेंच, चम्मच रेस, मटका फोड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन पुनः हनुमान ताल पर ही होगा। कोविड प्रोटोकाल व बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये भिन्न आयु समूह के लोगो को अलग समय पर बुलाया जायेगा, ताकि भीड़ ना हो। कार्यक्रम के अंत मे सभी लोगों ने नगर निगम द्वारा वितरित स्वल्पाहार का आनंद लेकर स्वच्छता गीत गाया व रतलाम को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।



**खेल प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रका**

**चेयररेस :** प्रथम-ललित खन्ना (60 वर्ष), द्वितीय- आरती त्रिवेदी (61 वर्ष), तृत

**100 मीटर दौड़ :** (महिला) प्रथम-प्रभा बख्शी(71 वर्ष), द्वितीय-सावित्री अग्निहोत्री (59 वर्ष)

**100 मीटर दौड़ (पुरुष) :** प्रथम-अरुण कुमार तिवारी (67 वर्ष), द्वितीय-रतन अशोक मेहता (62 वर्ष) सभी विजेताओं को आनंद उत्सव के अंतिम दिन प्रमाण पत्र वित

# तुलसी गार्डन अब पहचाना जा रहा औषधीय बगीचे के रूप में

स्वदेश 17-1-22

## अलकापुरी स्थित बगीचे में रोपे गए औषधीय पौधें पहुंचे चैतन्य अवस्था में

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

शहर के वार्ड नम्बर 7 के अलकापुरी क्षेत्र में स्थित तुलसी गार्डन अब हर्बल गार्डन के रूप में पहचाना जा रहा है। यहां औषधीय गुणों से लबरेज पौधों का रोपण होने के बाद आसपास के रहवासियों के लिए यह बागीचा महत्वपूर्ण हो रहा है। आयुक्त सहित पर्यावरणविद् ने गार्डन का निरीक्षण कर यहां रोपे गए औषधीय पौधों की जानकारी ली।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर अलकापुरी स्थित अस्त व्यस्त बागीचे को कुछ माह पूर्व व्यवस्थित किया गया था। इस बागीचे में तुलसी के पौधों की बहुतयात होने के कारण इसे तुलसी गार्डन नाम दिया गया। तुलसी गार्डन को हर्बल गार्डन के रूप में विकसित करने के लिए यहां विभिन्न औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण किया गया जो अब पूरी तरह से चेतन्य स्थिति में है। सभी पौधों के साथ एक नेम प्लेट लगाई गई है, जिसमें पौधों के नाम और उनके गुणों का उल्लेख किया गया है।



तुलसी हर्बल गार्डन का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पर्यावरणविद् खुशालसिंह पुरोहित, पूर्व पार्षद भगत भदौरिया, प्रहलाद पटेल, भाजपा नेता मयूर पुरोहित व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने करते हुए तुलसी गार्डन में औषधीय पौधों के रोपण को सरहानीय कदम बताया है। इस मौके पर उद्यान प्रभारी अनिल पारे सहित शैलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित रहे।

**इन पौधों का किया गया रोपण-** तुलसी गार्डन में सदाबहार, पत्थर चट्टा, वज्रदंती, तुलसी, घृतकुमारी, सहजन, नीम, हरश्रृंगार, मीठा नीम, जामुन, आंवला, महारुफ ( महानीम) पपीता सहित दो दर्जन औषधिय गुणों वाले पौधों का रोपण किया गया है। इन पौधों के माध्यम से पथरी, ज्वर, ह्दय रोग, सर्दी खांसी, साईटिका, डायबिटिज सहित दर्जनों रोगों का उपचार हो सकता है।

### हर पार्क को बनाए हर्बल गार्डन

तुलसी गार्डन के निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया सहित अन्य अतिथियों ने आयुक्त के उक्त प्रयास की जमकर सराहना करते हुए आयुक्त को सुझाव प्रस्तुत किया है कि तुलसी गार्डन की तरह ही शहर में स्थित नगर निगम स्वामित्व के सभी उद्यानों को हर्बल गार्डन के रूप में विकसित किया जाए। श्री भदौरिया ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी ने मानव मात्र को पर्यावरण सुधार का सबक दिया है। आज हरियाली के साथ ही औषधीय गुणों से युक्त पौधों की जरूरत भी हर किसी को है। ऐसे में नगर के तमाम पार्कों में औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण होना चाहिए। आयुक्त ने इस सुझाव पर विचार का आश्वासन दिया है।

आनंद उत्सव

**अगले रविवार को रस्सा खेंच, चम्मच रेस, मटका फोड़ आदि प्रतियोगिताएं होंगी**

# हनुमान ताल पर बच्चे बनकर बुजुर्गों ने लिया आनंद, सूर्य नमस्कार भी किया

रतलाम। ये खेल तो हमने बचपन में बहुत खेले, लेकिन अभी ये खेल कई सालों से नहीं खेले, इसलिए जैसे ही पेपर में इन खेलों का पता चला तो खुद को रोक नहीं पाए।

ये कहना था शहर के बुजुर्गों का, जो आनंद उत्सव मनाने के लिए रविवार सुबह नौ बजे हनुमान ताल पहुंचे थे। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा 28 जनवरी तक आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम द्वारा हनुमान ताल पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं व पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम सभी ने सूर्य नमस्कार व हास्यासन किया।

इसके पश्चात चेयर रेस का आयोजन हुआ। कुर्सी के लिए बुजुर्ग भी बच्चों जैसे दौड़ते दिखाई दिए। महिलाओं व पुरुषों की 100 मीटर दौड़ भी आयोजित की गई। सभी बुजुर्गों में इतना जोश आ गया कि सभी मिलकर ट्रेन बनाकर इंजन व सिटी की आवाज निकलते हुए पूरे बगीचे में दौड़े। पूर्ण अनुशासन व कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सभी ने लोकगीत का आनंद लिया। अशोक मेहता ने माउथ आर्गन बजाकर सभी को आनंदित किया। आनंदक राजेंद्र चतुर्वेदी, प्रीति वाजपेयी, पवन मकवाना, प्रतिभा सिन्हा, पुष्पेंद्रसिंह सिसौदिया, कमलेश पाटीदार, धर्मा कोठारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, विजय शर्मा, विशाल वर्मा ने सहयोग किया।


हनुमान ताल स्थित बगीचे में चेयररेस में भाग लेते हुए बुजुर्ग। • नईदुनिया

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इसे प्रतियोगिता नहीं समझे बल्कि खेल का आनंद उठाएं। हमें हर चीज में आनंद ढूंढना चाहिए। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, इंजीनियर ब्रजेश कुशवाह, जोन प्रभारी किरण चौहान आदि उपस्थित थे। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने आनंद उत्सव के लिए नगर निगम की बेहतरीन व्यवस्था के लिए नगर निगम आयुक्त व कर्मचारियों का आभार माना। उन्होंने बताया कि अगले रविवार 23 जनवरी को रस्सा खेंच, चम्मच रेस, मटका फोड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन पुनः हनुमान ताल पर ही होगा।

### ये रहे प्रतियोगिता के विजेता

चेयर रेस में 60 वर्षीय ललित खन्ना प्रथम, 61 वर्षीय आरती त्रिवेदी द्वितीय, 50 वर्षीय विजय शर्मा तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में 71 वर्षीय प्रभा बख्शी प्रथम, 70 वर्षीय सावित्री पंवार द्वितीय, 59 वर्षीय सुषमा अग्निहोत्री तृतीय रहीं। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में 67 वर्षीय अरुण कुमार तिवारी प्रथम, 67 वर्षीय रतन हंसराजानी द्वितीय, 62 वर्षीय अशोक मेहता तृतीय रहे। सभी विजेताओं को आनंद उत्सव के अंतिम दिन प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

**आनंद उत्सव** • हनुमान ताल परिसर में रविवार को हुआ आयोजन, बुजुर्गों ने उत्साह के साथ लिया भ

# ललित खन्ना चेयररेस, प्रभा बख्शी और अरुण तिवारी 100 मीटर दौड़ के विजे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रविवार को हनुमान ताल परिसर में हुए आनंद उत्सव का बुजुर्गों ने पूरे उत्साह से भागीदारी की। पहली बार हुए उत्सव में चेयररेस और 100 मीटर दौड़ (महिला, पुरुष) की प्रतियोगिताएं हुईं। चेयररेस में ललित खन्ना और दौड़ में प्रभा बख्शी व अरुण तिवारी विजेता रहे।

इसके पहले सभी ने सूर्य नमस्कार, हास्यासन और एरोबिक्स भी किया। वहीं ट्रेन बनाकर इंजन और सिटी की आवाज निकालते हुए पूरे बगीचे में दौड़े। वहीं अशोक मेहता ने माउथ ऑर्गन बजाकर सभी को आनंदित किया। अंत में स्वच्छता गीत गाने के साथ ही सभी ने शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। आयुक्त सोमनाथ झारिया की मौजूदगी में मनाए गए उत्सव में सहयोग राजेंद्र चतुर्वेदी, प्रीति बाजपेई, पवन मकवाना, प्रतिभा सिन्हा, पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, कमलेश पाटीदार, धर्मा कोठारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, विजय शर्मा, विशाल वर्मा का रहा। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने बताया अगले रविवार 23 जनवरी को रस्सा खेंच, चम्मच रेस, मटका फोड़ प्रतियोगिता होगी। सभी विजेताओं को आनंद उत्सव के अंतिम दिन प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। राज्य आनंद संस्थान का यह आनंद उत्सव 14 से 28 जनवरी तक चलेगा। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, इंजीनियर बृजेश कुशवाह, जोन प्रभारी किरण चौहान आदि उपस्थित रहे।

**आगे क्या :** 23 को रस्सा खेंच, चम्मच रेस, मटकी फोड़ स्पर्धा होगी



चेयररेस में हिस्सा लेते बुजुर्ग।

### प्रतियोगिताओं के विजेता

**चेयर रेस** • प्रथम-ललित खन्ना (60 व
• द्वितीय- आरती त्रिवे
(61 वर्ष), • तृतीय
विजय शर्मा (50वर्ष

**100 मीटर दौड़, म**
• प्रथम-प्रभा बख्शी
वर्ष), • द्वितीय-सावि
पंवार (70 वर्ष), •
- सुषमा अग्निहोत्री (
वर्ष)

**100 मीटर दौड़, पुरु**
• प्रथम-अरुण कुमार
तिवारी (67 वर्ष),
• द्वितीय-रतन हंसरा
(67 वर्ष), • तृतीय
अशोक मेहता (62

# करमदी रोड पर पेचवर्क करना था, डाल दिया मकानों का मलबा



**रतलाम** | संत रविदास चौक से करमदी के बीच गड्ढे हो रहे हैं। इससे दुर्घटना हो रही है। इस रोड पर पेचवर्क करने की जगह मलबा डाल दिया है। इससे वाहन चालकों की परेशानी दूर होने की जगह और बढ़ गई है। इस रोड पर पांच से ज्यादा कॉलोनियां हैं और झाबुआ जाने वाले लोग भी इसी रोड से गुजरते हैं।

### निगम आयुक्त झारिया ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# कन्सलटेंट प्रशमन प्रकरण शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करें, लापरवाही बरतने पर होगा लायसेंस निरस्त



सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम

16-1-22

नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देश अनुसार प्रषमन किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम इंजीनियर व नगर निगम से लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट की समीक्षा बैठक ली।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देशों के अनुसार प्रशमन किये जाने संबंधी समीक्षा में प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष प्रशमन प्रकरण शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये अन्यथा की स्थिति में इंजीनियरों की वेतन वृद्धि रोकने व कन्सलटेंट का लायसेंस निरस्त किये जाने के साथ ही ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा।

बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन के अलावा उपयंत्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, हितेश पंडित निज सहायक सुभाष गोयल सहित लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट उपस्थित थे।

## रात्रिकालीन सफाई कार्य के अनुपस्थित 4 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़के, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रो मे से 4 सफाई मित्रो द्वारा 13 जनवरी गुरूवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत 13 जनवरी गुरूवार को आनन्द-बाबुलाल, विजय-सुरेश, विजय-रामसिंह व रामजीलाल-किशन द्वारा बिना सूचना के बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिवस अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जायेगा।

**निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश, लापरवाही बरतने पर होगा लायसेंस निरस्त**

# कन्सलटेंट प्रशमन प्रकरण शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करें



● रतलाम

**नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देश अनुसार प्रशमन किये जाने हेतु निगम आयुक्त ने नगर निगम इंजीनियर व नगर निगम से लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट की समीक्षा बैठक ली।**

निगम आयुक्त द्वारा नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देशों के अनुसार प्रशमन किये जाने संबंधी समीक्षा में प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष प्रशमन प्रकरण शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये अन्यथा की स्थिति में इंजीनियरों की वेतन वृद्धि रोकने व कन्सलटेंट का लायसेंस निरस्त किये जाने के साथ ही ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा।

बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के.जैन के अलावा उपयंत्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीश तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, हितेश पंडित निज सहायक सुभाष गोयल सहित लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट उपस्थित थे।

### दूसरे नंबर पर नगर निगम, गिला सूखा कचरा सर्वेक्षण में दिए नंबर

# नवाचार : स्वच्छता अभियान 2022 पहले नंबर पर कलेक्टर कार्यालय

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में स्वच्छता अभियान 2022 के अंतर्गत विभिन्न सरकारी कार्यालय, होटल, अस्पताल आदि में गिला - सूखा कचरा को अलग करने के काम के आदेश जारी हुए हैं। इसके बाद समिति बनाकर कौन बेहतर कार्य कर रहा है, इसको लेकर प्रतियोगिता हो रही है। इस प्रतियोगिता में सरकारी कार्यालय में कलेक्टर भवन पहले नंबर पर, नगर निगम दूसरे नंबर पर आया है। बड़ी बात यह है कि एसपी कार्यालय को सात्वना पुरस्कार भी नहीं मिला है।




नगर निगम ने हाल ही में एक करोड़ रुपए में शहर में गिला - सूखा कचरा अलग करने के कार्य का टेंडर इंदौर की निजी फर्म को दिया है। फर्म ही शहर में स्वच्छता के लिए अलख जगाने के उद्देश्य से कई आयोजन किए हुए हैं। स्वच्छता में बेहतर कार्य गिला - सूखा कचरा कौन अलग कर रहा है, इसको देखने के लिए प्रशासकीय अधिकारियों की समिति भी है, जिसमे एसडीएम शहर व नगर निगम आयुक्त भी शामिल हैं।

इस प्रतियोगिता में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के सिटीजन इंगेजमेंट इंडिकेटर के तहत आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कलेक्टर कार्यालय, द्वितीय पुरस्कार नगर निगम, तृतीय पुरस्कार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम(न्यायालय) को दिया गया। इसी प्रकार स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शुभम परिसर, द्वितीय पुरस्कार र%पुरी विकास समिति, तृतीय पुरस्कार गुलमोहर समिति को दिया गया। मार्केट एसोसिएशन में प्रथम पुरस्कार रतलाम सेव नमकीन मंडल, द्वितीय पुरस्कार सर्राफा बाजार,तृतीय पुरस्कार क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन को दिया है। निजी अस्पताल से लेकर होटल को भी इस प्रकार के पुरस्कार दिए गए हैं।

> कौन काम कर रहा है व कौन नहीं, इसको जांच करने के लिए समिति बनी हुई है। गिला - सूखा कचरा जो अलग कर रहे है, उनको यह पुरस्कार दिया गया है।
>
> **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

---

### दौलतगंज में जांच के बाद की कार्रवाई

## टीका लगाए बगैर दुकान पर मिला किशोर, दुकान सील



**रतलाम @ पत्रिका.** शहर के दौलतगंज क्षेत्र में स्थित दुकानों की जांच के दौरान प्रशासनिक अमले को एक दुकान पर बगैर वैक्सीनेशन के 16 वर्षीय किशोर मिल गया। टीम ने जब किशोर से टीका लगवाने की बात कही तो उसने इनकार कर दिया। बगैर वैक्सीन के किशोर को दुकान पर देख टीम ने दुकान संचालक को फटकार लगाई और नियमों की अवहेलना करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकान सील कर दी गई।

टीम ने अवकाश के दिन दोपहर में शहर के विभिन्न हिस्सों में घूमकर यह देखा कि दुकानदा और व्यापारी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। इस दौरान जो दुकानें खुली नजर आई, उनके यहां के कर्मचारी भी टीकाकरण किए पाए गए और दुकान पर बैठे लोग भी मास्क के नजर आए। टीम ने बाजार में बिना मास्क के घूमने वालों पर भी स्पॉट फाइन कर उन्हे छोड़ दिया और मास्क लगाने की हिदायत दी।

# वार्डों में नहीं पहुंच रहीं कचरा गाड़ियां

प्रभात किरण 16-1-22

## तीन चालकों की पगार काटी, नोटिस जारी

**रतलाम, नप्र।** कचरा वाहन वार्डों में नहीं पहुंच रहे है, इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई कचरा वाहन तो ऐसे लबालब पहुंच रहे है कि कचरा डाला ही नहीं जा सकता है। कचरा खाली कर गाड़ी वापस वार्डों में नहीं पहुंच रही है जिससे लोग कचरा डाल नहीं पा रहे है। नगर निगम ने खुद ही पाया कि तीन कचरा वाहनों को वार्डों में नहीं पहुंचे। निगम ने ऐसे तीन वाहन चालकों के गैर हाजिर रहने पर सात-सात दिन का वेतन काटने तथा सेवा से बर्खास्त किए जाने के लिए कारण बताओ सूचनापत्र जारी करने को कहा है। निगमायुक्त ने कचरा वाहन चालक रुपेश चावरे, दर्शन खरे और संदीप ऊंटवाल के हफ्तेतभर का वेतन काटने को कहा है। इसके अलावा रात को होने वाली सफाई में भी चार सफाई मित्र 13 जनवरी को गैर हाजिर रहे है। निगमायुक्त ने बिना सूचना के काम पर मौजूद नहीं रहने वाले इन सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। नगर निगमन आयुक्त ने पाया कि 13 जनवरी को आनन्द-बाबुलाल, विजय-सुरेश, विजय-रामसिंह, रामजीलाल-किशन बिना सूचना के काम पर नहीं पहुंचे।

### तीन कबाड़ा व्यापारियों से पैसा वसूला

रतलाम, नप्र। नोटिस जारी किए जाने के बाद भी ऐसे कबाड़ा व्यापारी जिन्होंने गोदाम खुद नही हटाए थे, उनके गोदाम निगम ने हटाकर इस कार्रवाई के लिए राशि जमा करने का नोटिस जारी किया था, फिर भी राशि भी जमा नही कराई थी। इस पर निगम की टीम राशि वसूलने के लिए पहुंची और श्याम सोलंकी व बद्रीलाल नाहरपुरा से दस-दस हजार तथा मंसूरी ब्रदर्स जावरा रोड से पांच हजार की राशि वसूल की।

### गंदगी करने.. मॉस्क नहीं लगाने पर जुर्माना

खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले दुकानदारों और नागरिकों पर जुर्माने की कार्रवाई जारी है। कल 14 जनवरी को ऐसे 3 लोगों पर जुर्माना किया गया। अभिषेक व दिलीप कस्तुरबा नगर पर पांच-पांच सौ रुपए और नाराय[illegible] सैलाना बसस्टेंड पर सौ रुपए का जुर्माना कर आगे से गंदगी नही करने [illegible] समझाइश दी। इसके अलावा बिना मास्क लगाकर घूम रहे 23 लोगों को [illegible]ड़कर उन पर सौ-सौ रुपए का जुर्माना किया।

निगम के जिम्मेदारों ने पहुंच हल करवाई समस्या

# सड़क पर गंदा पानी, 1 घंटे चक्काजाम



रतलाम. शहर के नगर निगम सीमा अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में दोपहर करीब 1 बजे त्रिलोक नगर के रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। रहवासियों का कहना था कि न तो उनको पेयजल मिल रहा है नहीं पर्याप्त सफाई हो रही है। गंदी नालियों का पानी रोड पर आ रहा है। मुख्य रोड पर किए गए जाम के बाद नगर निगम के अधिकारी पहुंचे व समस्या समाधान तुरंत करने का भरोसा देकर आंदोलन समाप्त करवाया।

असल में इस क्षेत्र में कच्ची नालियां बनी हुई है। जिससे गंदा पानी रोड पर दिनभर बहता रहता है। इस मामले में कई बार क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम के अधिकारियों को ज्ञापन से लेकर मांग पत्र तक दिए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद रविवार दोपहर को रतलाम - बांसवाड़ा मुख्य रोड को जाम कर दिया गया।

रोड जाम करने के बाद रतलाम - बांसवाड़ मुख्य मार्ग पर एक तरफ वाहनों की लंबी - लंबी कतारे लग गई। हालाकि पुलिस बल भी पहुंचा व आमजन से रोड जाम बंद करने को कहा, लेकिन रहवासी अपनी मांग पर अड़े रहे। आंदोलन की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम के झोन प्रभारी किरण चौहान व उपयंत्री एमके जैन पहुंचे व आंदोलनकारियों की समस्या को सुना। इसके बाद जिस क्षेत्र में गंदा पानी आ रहा था, वहां पर जेसीबी बुलाकर पानी की निकासी सही की। इसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।

बड़ी संख्या में शहरवासियों ने लिया भाग

# घने कोहरे के बीच हुई रतलाम हेरिटेज के तहत साइकिल रन



रतलाम. जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम के तत्वावधान में रविवार की सुबह घने कोहरे के बीच रतलाम हेरिटेज एवं पेडल फॉर फिटनेस के तहत साइकिल रन आयोजित की गई। इसमें करीब 20 साइकिल सवार सुबह की सर्द हवा में साइकिल चलाते हुए अपने शहर की ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू हुए और उनके इतिहास के बारे में जाना।

साइकिल रन, महलवाड़ा से प्रारंभ होकर गुलाब चक्कर, रामबाग कोठी, झाली तालाब, मित्र निवास रोड, लोकेंद्र भवन, दो बत्ती चौराहा, सैलाना बस स्टैंड, लोकेंद्र टॉकीज, शहर सराय, रानीजी का मंदिर होती हुई पुनः महलवाड़े पर समाप्त हुई। साइकिल सवार युवाओं ने न केवल रतलाम की ऐतिहासिक धरोहरों के इतिहास को जाना बल्कि फिटनेस के प्रति जागरूकता भी फैलाई।

साइकिल रन के तहत रतलाम के महलवाड़ा, रानीजी का मंदिर, कालिका माता मंदिर तथा झाली तालाब, लोकेंद्र भवन आदि के इतिहास से परिचित हुए। साइकिल रन को हरी झंडी डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले ने दिखाई। इस दौरान एसडीएम ग्रामीण कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि मौजूद थे। विनीता तांतेड, प्रतीक दलाल ने ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी देकर लोगों को अपनी विरासत से परिचित करवाया। इस दौरान राकेश रुनवाल, अर्पित मंडवारिया, चिराग असरानी, आशीष जायसवाल, नेहल दलाल, रोहित चौधरी, वीनूश्री जैन, आदित्य मंडवारिया, वैशाली पितलिया आदि साइकल रन में सम्मिलित रहे।

# त्रिलोक नगर में गंदगी, लोगों ने किया चक्काजाम

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने, सफाई ठीक से नहीं होने से नाराज त्रिलोक नगर के रहवासियों ने रविवार को सैलाना मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब दस मिनट तक चक्काजाम के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रहवासियों को समझाकर सड़क से हटाया। निगम से पहुंचे उपयंत्री एमके जैन ने समस्या सुनकर मौके पर जेसीबी बुलवाकर नाले की पानी की निकासी के लिए खोदाई करवाई, तब जाकर रहवासी शांत हुए।



पेट्रोल पंप के सामने धरने पर बैठे त्रिलोक नगर के रहवासी। ●नईदुनिया

दरअसल त्रिलोक नगर में करीब सात साल से नालियों का पानी सड़कों पर बहने सहित अन्य समस्याएं हैं। कई बार मांग करने के बावजूद स्थाई निराकरण नहीं हुआ। गंदगी से परेशान रहवासियों ने रविवार को चक्काजाम किया तो कालोनी के एक खाली प्लाट से खोदाई कर पानी की निकासी का अस्थाई इंतजाम किया गया। लोगों का कहना है कि पाइपलाइन डालने के साथ ही सड़क, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशानी होती है। चुनाव के बाद पार्षद भी ध्यान नहीं देते हैं। उपयंत्री जैन ने बताया कि तात्कालिक निराकरण कर दिया है।

# खाद बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

रतलाम। अमृत सागर तालाब के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन व समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में तालाब से निकाली गई जलकुंभी से जैविक खाद बनाने के कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने किया। उन्होंने कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश भी दिए।



अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने के कार्य का जायजा लेते हुए आयुक्त सोमनाथ झारिया। ●नईदुनिया

निगम आयुक्त ने बताया कि अमृत सागर तालाब के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन व समेकित प्रबंधन 22 करोड़ परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से पिछले 18 दिनों से जलकुंभी निकालने का कार्य जारी है। जलकुंभी का स्थल पर ही निपटान करने के लिए कलेक्टर द्वारा नगर निगम को दी गई पौने दो हेक्टेयर भूमि का सीमांकन कर जलकुंभी को डाला जा रहा है। जलकुंभी में पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन व फास्फोरस होने से एकत्रित की गई जलकुंभी से खाद भी बनना प्रारंभ हो चुकी है, जो 45 दिनों में पूरी तरह से खाद में तब्दील हो जाएगी।


उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से जलकुंभी से खाद बनाने की डीपीआर भी तैयार की जा रही है। इससे और अधिक तेजी से खाद बनाने का कार्य किया जाकर जलकुंभी का निपटान किया जाएगा। बनाई गई खाद किसानों व नागरिकों को विक्रय की जाएगी। इससे निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। साथ ही शहर की प्राचीन धरोहर अमृत सागर तालाब व आसपास का क्षेत्र साफ-स्वच्छ व सुंदर नजर आएगा।

# कस्तुरबा नगर में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण पर लगाया लाल निशान

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

कस्तूरबा नगर गली नंबर सात की सड़क पर किया कच्चा-पक्का अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने आज लाल निशान लगाकर मकान स्वामी को स्वंय अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिन का समय दिया है ।

जानकारी के अनुसार पूर्व में कस्तुरबा नगर में 47 मकानों को अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी किए गए थे। निगम के अनुसार रहवासियों ने आगे लोहे की जाली, पक्का फर्श बनाकर कच्चा-पक्का अतिक्रमण कर रखा है। इस पर कुछ लोगों ने कोर्ट से गुहार लगाई थी। वहां से आदेश होने के बाद इंजीनियरों ने नपती की तो मौके पर सिर्फ 60 फीट की जगह सिर्फ 22 से 25 फीट की ही सड़क निकली।



इसके बाद नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग ने अतिक्रमण करने वाले 47 मकान मालिकों की सूची बनाकर नोटिस जारी किए है। इसमें खुद अतिक्रमण हटाने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर निगम हटाएगा। साथ ही तोड़ने के बदले 15 हजार रुपए प्रतिघंटे के मान से खर्च भी वसूलेगा।

(सिंघम 16-1-22)

**लगाए लाल निशान**

नगर निगम का टीम ने शुक्रवार को कस्तुरबा नगर गली न. 7 में अतिक्रमण पर लाल निशान लगा दिए। निशान के आगे से अतिक्रमण हटाया जाना है। आज नगर निगम ने सूचना पत्र देकर सात दिन में मार्किंग के अनुसार अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया तो निगम की गैंग अतिक्रमण हटाएगी।

## कोरोना की भयावह रफ्तार

# मध्य प्रदेश में कोरोना के 6380 नए मरीज मिले, आठ फीसद पहुंची संक्रमण दर

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

प्रदेश में एक दिन के भीतर ही कोरोना मरीजों की संख्या एक हजार से ज्यादा बढ़ गई है। शुक्रवार को 5315 मरीज मिले थे, जबकि शनिवार को 82,703 सैंपल की जांच में 6380 मरीज मिले हैं। जांचे गए सैंपलों में 7.7 फीसद पाजिटिव आए हैं।

प्रदेश में 28 दिसंबर को 30 मरीज मिले थे इसके बाद से मरीजों की संख्या और संक्रमण दर लगातार बढ़ते हुए इस स्तर पर पहुंची है। हालांकि, राहत की बात यह है कि प्रदेश में 30,109 सक्रिय मरीजों में से 588 यानी दो फीसद से कम ही अस्पतालों में भर्ती हैं। हफ्ते भर पहले यह आंकड़ा चार फीसद तक था। हमीदिया अस्पताल के छाती व श्वास रोग विभाग के सह प्राध्यापक डा. पराग शर्मा ने बताया कि तीसरी लहर की शुरुआत में लोगों में डर ज्यादा था, इसलिए वह अस्पतालों में भर्ती हो रहे थे। अब डर कम होने से घर पर रहना ही पसंद कर रहे है।




### कुल मरीजों में 47 फीसद इंदौर व भोपाल में

शनिवार को प्रदेश में मिले कोरोना मरीजों में इंदौर में 1852 और भोपाल के 1175 हैं। यानी कुल मरीजों में 47 फीसद इन्ही दोनों शहरों में हैं। ग्वालियर में 756 और जबलपुर में 442 मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा 8940 सक्रिय मरीज भी इंदौर में हैं। इसके बाद 5623 मरीज भोपाल, 3553 ग्वालियर और 2137 सक्रिय मरीज जबलपुर में हैं। कुल मरीजों में 98 फीसद होम आइसोलेशन में हैं। निजी एवं सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से 166 भोपल में और 177 इंदौर में हैं।

## कोरोना का बड़ा धमाका : 8 वर्षीय बालिका सहित एक बार फिर 101 महिला पुरुष की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

रतलाम। रविवार को 8 वर्षीय बालिका सहित एक बार फिर 101 महिला-पुरुषों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमित हुए सभी का आइसोलेट कर उपचार किया जा रहा है। लोगों को वैक्सीनेशन करवाने और मास्क लगाने की नसीहत दी जा रही है, फिर भी लापरवाही लगातार बनी हुई है। जिला महामारी नियंत्रक डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया कि शनिवार को 101 महिला-पुरुष संक्रमण का शिकार हुए हैं। कोरोना वायरस से हर उम्र के महिला-पुरुष और बच्चे संक्रमित हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। संक्रमित में 33 महिला, 65 पुरुष, एक बालिका एवं दो बालक शामिल हैं। सबसे कम उम्र का शंकर में 6 वर्ष का है, वही सबसे अधिक 75 वर्ष का बुजुर्ग भी ग्रामीण क्षेत्र का संक्रमित है।

## रात्रिकालीन सफाई कार्य के अनुपस्थित 4 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाए जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़के, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रिकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों मे से 4 सफाई मित्रों द्वारा 15 जनवरी शनिवार को बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत 16 जनवरी शनिवार को विशाल-कैलाश, रवि-ठंकार, विजय-सुरेश व आनन्द-बाबूलाल द्वारा बिना सूचना के बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिवस अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

दैनिक भास्कर

# तीन माह में बदल जाएगी सूरत : अमृत सागर तालाब होने लगा साफ, 127 टन जलकुंभी निकाली, हो चुका 16 प्रतिशत काम



**रतलाम** | अमृतसागर तालाब का रूप निखरने लगा है। पानी पर छाई जलकुंभी को एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से तेजी से हटाया जा रहा है। 22 दिन में 127 टन जलकुंभी निकाली जा चुकी है। 0.18 वर्ग किमी में फैले तालाब की 16 प्रतिशत सफाई हो चुकी है। पूरी जलकुंभी हटाने में तीन माह लगेंगे। झील संरक्षण योजना में तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 23 दिसंबर को मुंबई से मशीन आई थी। 26 दिसंबर को विधायक चेतन्य काश्यप ने जलकुंभी हटाने के लिए सौंदर्यीकरण योजना के पहले चरण की शुरुआत की थी। रविवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया, इंजीनियर अनवर कुरैशी जलकुंभी निकालने के काम का निरीक्षण किया। मशीन उपलब्ध कराने वाली मुंबई की कंपनी 10 साल तक मशीन का संचालन और मेंटेनेंस करेगी।

**तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना**

झील संरक्षण योजना में 22.84 करोड़ के खर्च होंगे। गंदे पानी के तीन नालों में से दो बोहरा बाखल और लक्कड़पीठा वाले नाले पर वेटलैंड बनेगा। पानी साफ होकर तालाब में मिलेगा। वहीं, त्रिपोलिया गेट वाले को डायवर्ट कर त्रिवेणी मुक्तिधाम वाले नाले में मिलाया जाएगा। इसके अलावा पाल को चौड़ीकरण, पाथ-वे, प्ले एरिया, गजेबो, पार्किंग एरिया सहित अन्य सुविधाएं जुटाई जाएगी। रुकावट नहीं आई तो प्रोजेक्ट 2023 तक पूरा हो जाएगा। फोटो - चिंटू मेहता

# खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तिंयों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 16 जनवरी को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर कशिश कलेक्शन घांस बाजार पर 500, शांतिलाल, वैभव घांस बाजार, कैलाष पाटीदार, सत्यनारायण त्रिपोलिया गेट पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 16 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

## पाइप लाइन हेतु भूमि पूजन का कार्य किया

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



वार्ड संख्या 33, शास्त्री नगर रतलाम में, गुरु तेग बहादुर स्कूल के सामने और पारस कथूरिया वाली लाइन में पीने के पानी की समस्या के स्थाई समाधान हेतु, नवीन पाइप लाइन बिछाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु, वैभव उपाध्याय के घर के बाहर ( शिव मंदिर आकांशा क्लिनिक ) के वहा से, पंडित नंदकिशोर शर्मा द्वारा पाइपलाइन हेतु भूमि पूजन का कार्य किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, वार्ड संयोजक संतोष कोलंबेकर, जल प्रदाय अधिकारी सुहास पंडित, पार्टी के कार्यकर्ता रवि मालपानी, अंशुल एरन, पवन परिहार, अमित रायकवार, मनीष शर्मा, सुधा मालपानी साथ ही क्षेत्रवासी डीपी अग्रवाल, अशोक भार्गव ( राज ऑप्टिकल) पारस कथूरिया, चढ्ढा, अनिमेष, वैभव उपाध्याय और कार्य के ठेकेदार चंदन पाटीदार, आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री चौहान ने टीकाकरण केंद्र का किया निरीक्षण, बोले-

# तीसरी लहर आ चुकी है; केस तेजी से बढ़ेंगे, मास्क लगाएं

भोपाल » सिटी रिपोर्टर 17-1-22

मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण की गंभीरता को कम करने के लिए शुरू वैक्सीनेशन को रविवार को एक साल पूरा हो गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जेपी अस्पताल में स्थित टीकाकरण केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने वैक्सीन लगवाने के कार्य का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स ने नदी-नाले पार कर लोगों को डोज लगाए और उनकी जिंदगी को बचाया। उनको धन्यवाद। प्रदेश में लगातार केस बढ़ रहे हैं। इसकी संख्या आगे और बढ़ेगी। इसलिए मेरी जनता से अपील है कि मास्क लगाएं। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी लहर आ चुकी है। लोग संक्रमित हो रहे हैं, लेकिन अस्पताल सिर्फ 3 से 4% ही जा रहे हैं। हम सजग हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि अस्पताल में जाने वालों को भी ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ रही है। इसका कारण वैक्सीनेशन ही है।

मप्र में वैक्सीनेशन का एक साल



### टीकाकरण में राजनीतिक दल, धर्मगुरु करें सहयोग

सीएम ने कहा कोविड अनुकूल व्यवहार रखकर ही तीसरी लहर में संक्रमण से बचने का कार्य संभव है। वैक्सीन के सुरक्षा चक्र का लाभ लेने के साथ ही उन्होंने सभी सावधानियां के पालन करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि टीकाकरण कार्य में सभी राजनीतिक दल, धर्मगुरु प्रत्येक स्तर के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्य सहयोग करें।

### एक साल 10.73 करोड़ से ज्यादा डोज लगे

प्रदेश में 1 साल में 10 करोड़ 73 लाख से ज्यादा डोज लगाए गए। देश में 15 से 17 साल के बच्चों को मिलाकर वैक्सीनेशन के लिए पात्र आबादी करीब 6 करोड़ के आसपास है। इसमें से प्रदेश में अब तक 54 लाख पात्र नागरिकों ने वैक्सीन का दूसरा डोज नही लगाया है। प्रदेश में 2.98 लाख हेल्थ केयर, 2.31 लाख फ्रंटलाईन वर्कर्स और करीब 93 हजार 60 वर्ष से अधिक की उम्र के दूसरी बीमारी से पीड़ित लोगों को बूस्टर डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बूस्टर (प्रिकॉशन) डोज 10 जनवरी से अब तक 3.23 लाख लोगों ने लगवाया है। 15 से 17 वर्ष आयु के किशारो की आबादी प्रदेश में करीब 48 लाख के आसपास है। इनमें से अब तक 30 लाख 37 हजार को ही वैक्सीन लगाई गई है।

# नाली का गंदा पानी कॉलोनी की मेनरोड पर बहने से लोग नाराज, सैलाना फोरलेन पर किया चक्काजाम

## दो घंटे तक चला चक्काजाम, निगम के अफसरों की समझाइश के बाद लोग माने

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नाली निर्माण नहीं होने और कच्ची नाली का गंदा पानी कॉलोनी की मेनरोड पर बहने और सफाई नहीं होने से लोग नाराज हो गए और उन्होंने सैलाना फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। दो घंटे तक नगर निगम के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद नगर निगम के अफसर पहुंचे और समझाइश दी तो लोग माने।

त्रिलोकनगर पटरी पार की प्रमुख कॉलोनियों में गिनी जाती है लेकिन यहां नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। हालत यह है कि कॉलोनी की मेनरोड पर ही नालियों का गंदा पानी बहता रहता है। ना तो पार्षद ने इस समस्या पर ध्यान दिया और ना ही निगम के अफसर ध्यान दे रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी नाली का निर्माण नहीं हुआ तो रविवार दोपहर एक बजे लोग नाराज हो गए और सैलाना फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। रहवासियों ने बताया हम सालों से कॉलोनी में रह रहे हैं। ना तो नालियों का निर्माण हुआ है और ना ही सफाई की जा रही है। पहले जो पार्षद थे उन्होंने काम नहीं किया। नगर निगम में शिकायत करते हैं तो जवाब मिलता है अवैध कॉलोनी है। टैक्स लेने की बारी आती है तो अवैध कॉलोनी नहीं रहती है लेकिन जब सफाई या कोई अन्य निर्माण की बारी आती है तो अफसर बोलते हैं अवैध कॉलोनी है। जब तक हमारी समस्या का निराकरण नहीं होता है तब तक हम यहां से नहीं हटेंगे। इसके बाद निगम के अफसर पहुंचे और सफाई करने की बात कही तो लोग माने। दोपहर एक बजे शुरू हुआ चक्काजाम दोपहर 3 बजे तक चला।



नाली निर्माण की मांग को लेकर त्रिलोकनगर के सामने सैलाना फोरलेन पर चक्काजाम करते रहवासी।

**एंबुलेंस आई तो हट गए लोग**

प्रमुख मार्ग होने और चक्काजाम होने से लोगों को परेशानी हुई और उन्हें दूसरे रास्ते से निकलना पड़ा लेकिन जैसे ही एक एंबुलेंस आई लोग हट गए और एंबुलेंस को रास्ता दिया। जैसे ही यह रवाना हुई लोग फिर सड़कों पर बैठ गए।

# पाइप लाइन बिछाने का किया भूमिपूजन



रतलाम | वार्ड क्रं. 33 शास्त्रीनगर में पानी हेतु पाइप लाइन का भूमिपूजन किया। जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, वार्ड संयोजक संतोष कोलंबेकर, जल प्रदाय अधिकारी सुहास पंडित, पार्टी के कार्यकर्ता रवि मालपानी, अंशुल एरन, पवन परिहार, अमित रायकवार, मनीष शर्मा, सुधा मालपानी सहित अन्य मौजूद रहे।

## चार सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत शनिवार को विशाल-कैलाश, रवि-ओंकार, विजय-सुरेश व आनंद-बाबूलाल बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# खाराखेड़ी के समीप कोर्ट भवन हेतु भूमि स्वीकृत कराएं

रतलाम » दबंग रिपोर्टर 17-1-22

जिला न्यायालय के नवीन भवन. हेतु रतलाम के समीप खाराखेड़ी में सुर्वे नंबर 4/1 की 21 हेक्टर भूमि उपयोगी है। यह भूमि रतलाम स्टेशन एवं बस स्टैण्ड के समीप है। इसी के मार्ग पर नवीन कलेक्टोरेट भवन भी बना हुआ है, जिससे जिला न्यायालय एवं कलेक्टर न्यायालय में अधिक दूरी नहीं रहेगी। न्यायालय भवन हेतु इस भूमि की स्वीकृति दिलाएं।



यह मांग अधिवक्ता परिषद् के प्रतिनिधि मण्डल ने विधायक चेतन्य काश्यप को पत्र सौंपकर की। प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि पूर्व में शासन द्वारा नवीन न्यायालय भवन हेतु बंजली व नंदलई के समीप भूमि आवंटित की गई थी, जो शहर से काफी दूर होकर कलेक्टर न्यायालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर है। इस भूमि पर नवीन न्यायालय भवन के प्रस्ताव का समस्त अभिभाषकों द्वारा विरोध किया गया है। इसलिए इसका आवंटन निरस्त कर न्यायालय भवन के लिए शहर के समीप खाराखेड़ी में उपलब्ध शासकीय भूमि आवंटित करवाई जाए एवं भवन निर्माण हेतु राशि भी स्वीकृत की जाए। प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि खाराखेड़ी में न्यायालय भवन बनने पर अभिभाषकों को अपने कार्य में सुविधा होगी। पक्षकारों को भी इससे काफी राहत मिलेगी, क्योंकि एक ही मार्ग पर न्यायालय संबंधी समस्त कार्य किए जा सकेंगे।

विधायक श्री काश्यप ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि इस संबंध में प्रशासन स्तर पर चर्चा कर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। चर्चा के दौरान अधिवक्ता परिषद् अध्यक्ष सतीश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष घनश्यामदास बैरागी, कृष्णा मीणा, नंदकिशोर कटारिया, सहमंत्री आकाश पोरवाल, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र कुलकर्णी, कार्यालय मंत्री जितेन्द्र मेहता, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश वर्मा, श्रवण बोयत, मनोज जमड़ा, विवेक उपाध्याय, कमलेश भण्डारी आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम के खेलों में लोगों ने लिया आनंद

दबंग 17/1/22

रतलाम। मैं आगे, तू पीछे...। इसी तरह की भागदौड़ रविवार सुबह मची रही। नगर निगम ने हनुमान ताल के किनारे रविवार सुबह आनंद उत्सव का आयोजन किया। अनूठे आयोजन में रोचक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। चेयर रेस में पुरुष, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग एक साथ दौड़ते, गीतों पर भागते और फिर अपनी बारी पर कुर्सी का इंतजार करते। इसी तरह अन्य खेल गतिविधियों में भी लोगों ने सर्दी और कोहरे के बावजूद बढ़चढ़ कर भाग लिया। समारोह में निगम आयुक्त सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

**एक्टिव केस 600 से अधिक**

# रतलाम में लगातार दूसरे दिन 101 पॉजिटिव मरीज मिले

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। रतलाम में लगातार दूसरे दिन 101 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। बीते दो दिनों में रतलाम में कोरोना मरीजों की संख्या 202 हो गई है। तीसरी लहर के दौर में रतलाम में अब कोरोना के 600 से अधिक एक्टिव केस हो गए है। हालांकि ...नी बढ़ी संख्या में मरीज मिलने ... बाद भी राहत इस बात की है कि ...नती के लोगों का ही स्वास्थ्य ख़राब है। कुछ ही लोग अस्पताल ... है, शेष सभी लोगों को होम क्वारंटाइन या फिर कोविड केयर सेंटर पर रखा जा रहा है।

इसके पूर्व दूसरी लहर में कोरोना ने जमकर कहर बरपाया था। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के चलते अस्पतालों में पैर रखने तक की जगह नही थी लेकिन वर्तमान में प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का महकमा पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और हर स्थिति से निपटने के दावे भी किए जा रहे है।

लोगों के सुरक्षित रहने के पीछे कारण प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की मेहनत है जिसकी बदौलत लगभग शत-प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लग चुका है जिसकी बदौलत कोरोना उन पर कहर नही बरपा पा रहा है। वर्तमान में जितनी गति से मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसके मान से अब मरीज जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ भी हो रहे है। प्रशासन का पूरा ध्यान अब बच्चों के वैक्सीनेशन पर है, जिसके लिए प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार बच्चों को तलाशकर उन्हे वैक्सीन लगा रही है।

# रतलाम : दूसरे दिन भी 101 नए पॉजिटिव मिले, 6 और 8 साल के बच्चे भी संक्रमित

रतलाम | रतलाम में रविवार को लगातार दूसरे दिन कोरोना के 101 नए पॉजिटिव सामने आए। इनमें 6 साल का बालक और 8 साल की एक बालिका भी हैं। शहर में नयापुरा, स्नेह नगर, रिटायर्ड कॉलोनी, गांधीनगर, तिरुपति नगर, विनोबा नगर, ओल्ड रेलवे कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज, जवाहर नगर, स्टेशन रोड, थावरिया बाजार, टीआईटी रोड, नयागांव, सज्जन मिल रोड, कसारा बाजार, जावरा, बाजना, नामली में कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। तीतरी में तीन पॉजिटिव मिले, इनमें दो 30 साल की महिला और 32 साल का पुरुष है। वहीं, तिरुपति नगर में 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। इनमें 6 साल का बच्चा है। जिले में कुल संक्रमित की संख्या 18178 हो गई हैं।

# सागोद रोड की अवैध कॉटेज कॉलोनी : धोखेबाज भूमाफिया जयंतसेन धाम के नाम से खरीदारों को बेच रहे बड़े प्लॉट

## कॉलोनियों की खेती

### रिकॉर्ड हो रहा तैयार, अटक सकते हैं करोड़ों के सौदे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सागोद रोड पर बड़े भूखंड बेचने वाले भूमाफिया खरीदारों को पूरी तरह धोखे में रखकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। ताजा मामला अवैध कॉटेज कॉलोनी के नाम का है। दरअसल आर्थिक रूप से संपन्नता के मामले में शहर में जैन समाज अव्वल है। इन रइसों को प्लॉट बेचने के लिए धोखेबाज भूमाफिया अवैध कॉलोनी का नाम जयंतसेन धाम बता रहे हैं। सरकारी रिकॉर्ड में न ऐसी कोई कॉलोनी रजिस्टर्ड है, न किसी सरकारी दस्तावेज में इसका उल्लेख है। ऐसे में जैन समाज के प्रसिद्ध तीर्थ जयंतसेन धाम का नाम उछलने से समाज के वरिष्ठ नाराज है। इतना ही नहीं मंदिर के नाम का दुरुपयोग पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। उधर प्रशासन ने रिकॉर्ड पूरा तैयार कर लिया है। जल्द जैन मंदिर के पीछे बिना किसी विधिवत परमिशन के कॉलोनी के नाम पर बड़े आकार के प्लॉट बेचने वालों पर कार्रवाई प्रारंभ हो जाएगी। इसमें सबसे पहले डायवर्शन कराकर. बिना अनुमति के बनाई सीमेंट कांक्रीट की सड़क उखाड़ी जाएगी।

### पंचायत और नगर निगम दोनों झाड़ रहे पल्ला

दरअसल सागोद रोड पर जहां कॉटेज वाली अवैध कॉलोनी स्थित है, वहीं नगर निगम की सीमा खत्म होकर बिबड़ौद ग्राम पंचायत की शुरू होती है। अब जबकि अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की जाना है। पंचायत इसे नगर निगम के क्षेत्र में बता रहा है। पंचायत सचिव दिलीप पाटीदार ने बताया जिस जमीन पर कॉटेज बने हैं, वह बिबदौड़ ग्राम पंचायत के दायरे में नहीं आती है। वहीं, नगर निगम के अफसर इसे अपनी सीमा से बाहर बताकर एक्शन लेने से बच रहे हैं। ऐसे में सारा दारोमदार प्रशासन पर आ गया है।

**नोटिस के जवाब में नहीं बता पाए सड़क की अनुमति नहीं, फिर भी नहीं हो रही कार्रवाई :** खेत में सीमेंट कांक्रीट की सड़क बनाने वाले भूमाफिया के पास कोई नगर निगम और न ही पंचायत की अनुमति है। कॉलोनी सेल ने आखिरी बार 9 नवंबर को निर्माण करने वाली फर्म मेसर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स और सारा खेल रचने वाले पार्टनर राजेश पिता मोतीलाल चौहान, महेंद्र पिता बसंतीलाल पिरोदिया, पवन पिरोदिया, किरण पिरोदिया, मयंक गोटा समेत अन्य भागीदारों को नोटिस जारी किए थे। तीन दिन में जवाब देने को कहा था। इसमें भूमाफिया सिर्फ डायवर्शन और धारा 59 में जमा किए गए रुपए का हवाला दे पाए।

निरीक्षण

# जलकुंभी से जैविक खाद निर्माण देखने पहुंचे नगर निगम आयुक्त



**रतलाम.** अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से निकाली गई जलकुंभी से जैविक खाद बनाने के कार्य तेजी से चल रहा है। इसका निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रविवार को कर कार्य में ओर अधिक तेजी लाये जाने के निर्देश दिये है।

निगम आयुक्त झारिया ने इस अवसर पर बताया कि अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन 22 करोड़ परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से पिछले 18 दिनों से जलकुंभी निकालने का कार्य निरंतर जारी है। जलकुंभी का स्थल पर ही निपटान हो इस हेतु तत्कालीन कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा नगर निगम को गई पौने दो हेक्टर भूमि का सीमांकन कर जलकुंभी को डाला जा रहा है। जलकुंभी में पर्याप्त मात्रा में नाईट्रोजन व फास्फोरस पर्याप्त मात्रा में होने से एकत्रित की गई जलकुंभी से खाद भी बनना प्रांरभ हो चुकी है जो 45 दिनों में पुरी तरह से खाद में तब्दील हो जायेगी।

## वैज्ञानिक तरीके से खाद

इस दौरान वैज्ञानिक तरीके से जलकुंभी से खाद बनाने की डीपीआर भी तैयार की जा रही है। जिससे और अधिक तेजी से खाद बनाने का कार्य किया जाकर जलकुंभी का निपटान किया जायेगा। बनाई गई खाद किसानों व नागरिकों को विक्रय की जाएगी, जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि तो होगी ही साथ ही शहर की प्राचीन धरोहर अमृत सागर तालाब व आसपास का क्षेत्र साफ-स्वच्छ व सुन्दर होगा।